**GREENLAWNS HIGH SCHOOL**
**TERMINAL EXAMINATION YEAR 2025- 2026**

**SUBJECT : HINDI** — **CLASS : V**
**DATE : 22/09/2025** — **MARKS : 80**

**सूचना :- प्रश्न** 1 से 4 तक के सभी **प्रश्नों** के उत्तर Answer Sheet पर लिखिए और **प्रश्न** 5 से ९ तक के सभी **प्रश्नों** के उत्तर Question Paper पर ही लिखिए।

प्रश्न 1 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। [10]

i) ) मेरा प्रिय मित्र ii) मेरी प्यारी धरती iii) खेल कूद का महत्व
iv) वर्षा ऋतु

प्रश्न 2 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। [7]

i) डेंगू हो जाने के कारण एक सप्ताह (1 week ) की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाचार्या जी को पत्र लिखिए।

अथवा

ii) आपने अपने विद्यालय में शिक्षक दिवस (Teacher's Day) कैसे मनाया यह बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

प्रश्न 3 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

रामू एक छोटे से गाँव में रहता था। उसके पिता एक किसान थे और परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। लेकिन रामू बचपन से ही पढ़ाई में होशियार और मेहनती था। हर सुबह वह चार किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाता और पढ़ाई में पूरा मन लगाता।

एक दिन गाँव के स्कूल में एक अधिकारी आया और उसने छात्रों से पूछा कि वे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं। जब रामू की बारी आई तो उसने आत्मविश्वास से कहा, "मैं एक वैज्ञानिक बनना चाहता हूँ, ताकि अपने देश के लिए कुछ कर सकूँ।"

लोगों ने पहले उसका मज़ाक उड़ाया, पर रामू ने हार नहीं मानी। उसने कड़ी मेहनत की, छात्रवृत्ति पाई और शहर के बड़े कॉलेज में दाख़िला लिया। कई सालों की लगन और संघर्ष के बाद वह एक सफल वैज्ञानिक बना।

रामू की कहानी यह सिखाती है कि परिस्थिति कैसी भी हो, अगर संकल्प और मेहनत हो, तो कोई भी सपना सच हो सकता है।

प्रश्न –

i) रामू कहाँ रहता था ? उसके पिता क्या करते थे ? [2]

ii) रामू कैसा लड़का था ? [2]

iii) वह स्कूल कैसे जाता था ? [2]

iv) रामू बड़े होकर क्या बनना चाहता था ? [2]

v) इस कहानी से आपको क्या सीख मिलती है ? [2]

प्रश्न 4 (अ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( अक्षरा )

i) यूनान वालों ने फिडीपिडीज को सम्मानित करने के लिए क्या किया ? [3]

ii) पहली बार वर्ल्ड अर्थ डे आयोजन में कितने लोगों ने भाग लिया? इसे क्यों मनाया जाता है? [3]

iii) बेग और निकोलस का स्वभाव कैसा था ? [3]

iv) नीलगगन को पत्र कौन दे आया है? उस पत्र में किस पीड़ा का वर्णन है? [3]

v) जल कब और कैसे प्रदूषित होता है? इसका क्या प्रभाव पड़ता है ? [3]

सूचना :- प्रश्नपत्र के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्न के आगे दिए गए रिक्त स्थान में ही लिखिए।

नाम : ____________________ कक्षा : 5 A B C अनुक्रमांक :__________

प्रश्न 5 निम्नलिखित पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए। [5]

काले - काले ____________________

____________________

____________________

____________________

____________________

____________________ तुम आ जाओ।

प्रश्न 6 एक – एक वाक्य में उत्तर लिखिए। [6]

i) अंबर में कौन मुसकाता है ?

____________________

ii) पॉलीथीन बैग को भूमि में गिरकर गलने में कितना समय लगता है ?

____________________

iii) वर्ल्ड अर्थ डे, पहली बार कब मनाया गया ?

____________________

iv) सज़ा मिलने के भय से बच्चों ने क्या किया ?

____________________

v) फिडीपिडीज ने एथेंसवासियों को अपनी जीत की खबर कैसे दी ?

____________________

vi) एथेंस ने किससे सहायता माँगने की सोची ?

_______________________________________________

प्रश्न 7 शब्दार्थ लिखिए। [4]

i) आक्रमण - ____________ ii) ताल - ____________

iii) प्रमाण - ____________ iv) अपेक्षा - ____________

v) गगन - ____________ vi) स्वर - ____________

vii) प्रसन्नता - ____________ viii) सम्मिलित - ____________

प्रश्न 8 निम्नलिखित वाक्यों में से सही वाक्य के सामने सही और ग़लत वाक्य के सामने ग़लत लिखिए। [3]

i) खिड़की का काँच बेग ने तोड़ा था। ____________

ii) आजकल कौआ, गिद्ध आदि प्रजानियाँ बहुत नज़र आती हैं। ____________

iii) ईरान के राजा यूनान से किसी बात पर अप्रसन्न होकर कर आक्रमण करना चाहते थे। ____________

iv) बढ़ती आबादी के कारण जंगल कट रहे हैं। ____________

v) वर्षा के जल की बूंदे ठंडी होती है। ____________

vi) एथेंस से स्पार्टा की दूरी ४० किलोमीटर थी। ____________

प्रश्न 9 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।

1) निम्नलिखित शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। [4]

i) दिन - ____________, ____________

ii) संसार - ____________, ____________

iii) असुर - ________________, ________________

iv) धरती - ________________, ________________

2) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। [3]

i) आदर - ________________ iv) ज्ञान - ________________

ii) शांति - ________________ v) सुपुत्र - ________________

iii) पर्याप्त - ________________ vi) धनवान - ________________

3) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग कीजिए। [3]

i) जो नहीं बोलता है - ________________

ii) शहर में रहनेवाला - ________________

iii) साथ पढ़नेवाला - ________________

iv) सत्य बोलने वाला - ________________

v) जो बहुत बोलता है - ________________

vi) जो वर्ष में एक बार हो - ________________

4) निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द पहचानकर उनके भेद लिखिए। [3]

i) ताजमहल बहुत सुंदर है।

________________________________________

ii) नदी बह रही है।

________________________________________

iii) गुस्सा करना अच्छी बात नहीं है।

______________________________

5) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए । [3]

i) वृद्ध - __________ iv) पुजारी - __________

ii) शिष्य - __________ v) सेठ - __________

iii) मुरगा - __________ vi) डिब्बा - __________

6) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए । [4]

i) आँख बचाना - __________

ii) गाँठ बाँधना - __________

iii) चिकना घड़ा - __________

iv) अक्ल का दुश्मन - __________